हादसा | चिल्हारी-मानपुर मार्ग पर बरदौहा पुलिया के पास हादसा, मची अफरा-तफरी

# आमने-सामने से टकराए दो हाईवा, चालक की मौत





**चिल्हारी, नवभारत 11 फरवरी।** चिल्हारी-मानपुर मार्ग पर बरदौहा पुलिया के पास उस वक्त सनसनी फैल गई, जब तेज रफ्तार से दौड़ रहे हाईवा और मिनी हाईवा की आमने-सामने जोरदार टक्कर हो गई, जिसमें चालक की मौत हो गई। कुछ ही सेकंड में सड़क का सामान्य माहौल चीख-पुकार और अफरा-तफरी में बदल गया।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार दोनों वाहन तेज गति में थे। पुलिया के पास सड़क थोड़ी संकरी है और भारी वाहनों की आवाजाही लगातार बनी रहती है। जैसे ही दोनों वाहन आमने-सामने आए, संतुलन बिगड़ा और जबरदस्त भिड़ंत हो गई। टक्कर इतनी तेज थी कि मिनी हाईवा का अगला हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया और बड़े हाईवा में फंस गया।

### केबिन में बुरी तरह दब गया था चालक

हादसे का सबसे भयावह दृश्य तब सामने आया जब पता चला कि मिनी हाईवा का चालक स्टेयरिंग व्हील में फंस गया है। केबिन बुरी तरह दब गया था और चालक बाहर निकल पाने की स्थिति में नहीं था। आसपास मौजूद लोगों ने बिना देर किए मदद शुरू की और पुलिस को सूचना दी।

### लोगों की मदद से चालक का किया रेस्क्यू

अमरपुर पुलिस चौकी प्रभारी सूचना मिलते ही दलवल सहीत मौके पर पहुंचे चौकी प्रभारी मौके की स्थिति की जायज़ा लेते हुए अभिलाष सिंह ने बताया कि चालक को वाहन से बाहर निकालने के लिए काफी मशक्कत करनी पड़ी। स्थानीय लोगों की मदद से रेस्क्यू कर घायल को तुरंत अस्पताल भेजा गया, जहां जहां डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृत चालक की पहचान भगवान दास उम्र 75 वर्ष निवासी ग्राम बदेरा जिला सतना के रूप में की गई है

### सड़क पर लग गया था लंबा जाम

हादसे के बाद कुछ समय तक सड़क पर लंबा जाम लग गया। दोनों ओर वाहनों की कतारें नजर आईं। पुलिस ने क्षतिग्रस्त वाहनों को हटवाने की कार्रवाई शुरू की, ताकि मार्ग को जल्द से जल्द सामान्य किया जा सके। प्रारंभिक जांच में तेज रफ्तार को दुर्घटना का मुख्य कारण माना जा रहा है। हालांकि पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है और दुर्घटना के सभी पहलुओं को खंगाला जा रहा है।

# 3844 विद्यार्थियों ने दी हायर सेकेण्ड्री परीक्षा

**नवभारत उमरिया 11 फरवरी।** जिले में हायर सेकेण्डरी अंग्रेजी विषय की परीक्षा 41 परीक्षा केन्द्रों पर शांतिपूर्वक एवं सुव्यवस्थित ढंग से सम्पन्न हुई। परीक्षा में कुल पंजीकृत 3909 विद्यार्थियों में से 3844 ने परीक्षा दी, जबकि 65 विद्यार्थी अनुपस्थित रहे।

सभी परीक्षा केन्द्रों पर निरीक्षण दलों द्वारा सघन निरीक्षण किया गया। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत एवं मंडल परीक्षा के नोडल अधिकारी अभय सिंह ने मंडल के निर्देशानुसार कलेक्टर प्रतिनिधियों के माध्यम से प्रश्नपत्र थानों से निकालकर परीक्षा केन्द्रों तक पहुंचाए गए।

**नकल का एक भी प्रकरण नहीं : मरावी**-जिला शिक्षा अधिकारी आरएस मरावी द्वारा शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय लोढ़ा, कन्या चंदिया, अखड़ार, कौड़िया एवं बिलासपुर परीक्षा केन्द्रों का निरीक्षण किया गया। इस दौरान परीक्षा शांतिपूर्वक एवं सुचारू रूप से संचालित पाई गई। किसी भी परीक्षा केन्द्र में नकल का कोई प्रकरण दर्ज नहीं हुआ। सभी केन्द्रों पर पुलिस बल तैनात रहा।



# ग्रामीणों से भरा मालवाहक पलटा, 24 घायल

3 की हालत गंभीर, जबलपुर किया गया रेफर, तेज रफ्तार और यातायात नियमों की अनदेखी बनी हादसे की वजह

**शहपुरा नवभारत 11 फरवरी।** थाना शहपुरा क्षेत्र में एक बड़ा सड़क हादसा सामने आया है। मेंहदवानी मार्ग पर ग्राम चरगांव के पास तेज रफ्तार मालवाहक वाहन अनियंत्रित होकर पलट गया, जिससे उसमें सवार दो दर्जन से अधिक ग्रामीण घायल हो गए। हादसे में तीन लोगों की हालत गंभीर बताई जा रही है, जिन्हें प्राथमिक उपचार के बाद जबलपुर रेफर किया गया है।

जानकारी के अनुसार, मगरटगर के पिपरहा गांव से ग्रामीण एक दशगात्र कार्यक्रम में शामिल होने धनगांव जा रहे थे। सभी लोग मालवाहक वाहन में सवार थे। रास्ते में चालक द्वारा तेज गति से वाहन चलाने और वाहन में क्षमता से अधिक सवारियां बैठाने के कारण वाहन अचानक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पलट गया।

### हादसे के बाद मची चीख-पुकार

हादसे के बाद मौके पर चीख-पुकार मच गई। आसपास मौजूद ग्रामीणों ने तत्परता दिखाते हुए तुरंत राहत-बचाव कार्य शुरू किया और घायलों को वाहन से बाहर निकालकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शहपुरा पहुंचाया। सूचना मिलने पर पुलिस भी मौके पर पहुंची और व्यवस्था संभाली। डॉक्टरों के मुताबिक कई लोगों को सिर, हाथ-पैर व शरीर में गंभीर चोटें आई हैं। तीन गंभीर रूप से घायल मरीजों को बेहतर उपचार के लिए जबलपुर मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया है, जबकि अन्य घायलों का इलाज शहपुरा अस्पताल में जारी है।


### मालवाहक वाहन में लोगों को ले जा रहा था

प्राथमिक जांच में सामने आया है कि मालवाहक वाहन में लोगों को बैठाकर ले जाया जा रहा था, जो यातायात नियमों का स्पष्ट उल्लंघन है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है और वाहन चालक की जिम्मेदारी तय की जा रही है।

### सवाल खड़े करता हादसा

यह दुर्घटना एक बार फिर ग्रामीण क्षेत्रों में यातायात नियमों की अनदेखी और मालवाहक वाहनों में सवारियां ढोने की खतरनाक प्रवृत्ति को उजागर करती है। नियमों के बावजूद लोग जोखिम उठाकर यात्रा कर रहे हैं, जिससे छोटी-सी लापरवाही भी बड़े हादसे में बदल रही है।

# चोरी गए माल सहित आरोपी गिरफ्तार



एमपी ऑनलाइन व किराना दुकान में चोरी का खुलासा

**डिण्डौरी, नवभारत 11 फरवरी।** थाना शाहपुर क्षेत्र अंतर्गत एमपी ऑनलाइन एवं किराना दुकान में हुई चोरी की वारदात का पुलिस ने सफलतापूर्वक खुलासा करते हुए आरोपी को चोरी गए माल मशरूका सहित गिरफ्तार कर लिया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार 22 नवंबर 2025 को फरियादी रामस्वरूप यादव ने थाना शाहपुर में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि 21 नवंबर 2025 की दरमियानी रात अज्ञात चोर द्वारा उनकी एमपी ऑनलाइन/किराना दुकान का ताला तोड़कर एक लैपटॉप, एक मोबाइल फोन एवं नगदी सहित कुल लगभग 70,000 रुपये की चोरी कर ली गई। रिपोर्ट के आधार पर थाना शाहपुर में प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना प्रारंभ की गई। मामले में शाहपुर पुलिस टीम ने सघन पतासाजी एवं मुखबिर तंत्र को सक्रिय किया।

### आरोपी को भेजा न्यायिक रिमांड पर

लगातार प्रयासों एवं मुखबिर की सूचना के आधार पर 11 फरवरी 2026 को आरोपी रवि उर्फ छोटू मरावी को चोरी गए माल सहित गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से चोरी गया लैपटॉप, मोबाइल एवं नगदी बरामद कर ली है। आरोपी को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे न्यायिक रिमाण्ड पर भेज दिया गया है।



# इंटरनेट का उपयोग सावधानी पूर्वक करें : डॉ. कुशराम

सेफर इंटरनेट दिवस पर कार्यक्रम आयोजित

**अमरपुर नवभारत 11 फरवरी।** शासकीय महाविद्यालय अमरपुर में महाविद्यालय के प्राचार्य संदीप सिंह के निर्देशन और स्वामी विवेकानंद कैरियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ प्रभारी डॉ. अनिल कुशराम के मार्गदर्शन में सेफर इंटरनेट दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर कार्यक्रम प्रभारी डॉ. अनिल कुशराम ने कहा कि कोई भी ऑनलाइन से संबंधित संदिग्ध लिंक, प्राइवेसी सेटिंग या ओके बटन सावधानी पूर्वक दबाए। इसके अलावा उन्होंने कहा कि इंटरनेट का उपयोग करते समय सावधानी बरतने की सलाह दी। कार्यक्रम में विषय विशेषज्ञ हरिशंकर गुप्ता द्वारा कहा गया कि इंटरनेट का सुरक्षित उपयोग करना हमारी जिम्मेदारी हैं।

### इंटरनेट के सही उपयोग से लक्ष्य प्राप्त कर सकते हैं : मरावी

आशीष कुमार मरावी ने अपने वक्तव्य में कहा कि इंटरनेट का सही उपयोग कर अपने लक्ष्य की प्राप्ति कर सकते हैं। इस अवसर पर महाविद्यालय के स्टॉफ जयदीप दुबे, डॉ. सौरभ सामंत सहित छात्र, छात्राएं मौजूद रहे।

# श्री 1008 महंत आनंद गिरि महाराज हुए ब्रह्मलीन, आज दी जाएगी समाधि

**शहपुरा नवभारत 11 फरवरी।** शहपुरा तहसील अंतर्गत मां नर्मदा तीर्थ क्षेत्र कन्हैया संगम मालपुर तट स्थित मां नर्मदा कुटी के प्रसिद्ध संत श्री 1008 महंत पूज्य आनंदपुरी महाराज जिन्हें लोग बंगाली बाबा के नाम से भी जानते थे क्या बुधवार की सुबह देवलोक गमन हो गया। महाराज का ब्रह्मलीन होना न केवल मालपुर क्षेत्र के लिए, बल्कि मां नर्मदा के सभी भक्तों के लिए एक अपूरणीय क्षति है। उनकी तपस्या और सेवा भाव हमेशा हमें राह दिखाते रहेंगे। ब्रह्मलीन हुए मां नर्मदा के अनन्य उपासक 'कन्हैया संगम, मालपुर (मां नर्मदा उत्तर तट) स्थित 'मां नर्मदा कुटी' के महंत दादा आनंद गिरी महाराज (बंगाली बाबा) के आशीर्वाद और उनके अथक प्रयासों से ही कन्हैया संगम घाट आज एक सिद्ध और भव्य आस्था केंद्र के रूप में



प्रतिष्ठित है। कन्हैया संगम घाट को एक सुविधाजनक और सिद्ध क्षेत्र बनाने का उनका संकल्प हम सबके बीच उनकी स्मृति बनकर जीवित रहेगा। गुरुवार को प्रात: 10:00 से ब्रह्मलीन संत की समाधि एवं अंतिम क्रिया की प्रक्रिया प्रारंभ होगी। सर्वप्रथम उन्हें मां नर्मदा तट अभिषेक हेतु ले जाया जाएगा। इसके पश्चात सभी भक्तजनों की दर्शनार्थ मां नर्मदा कुटी आश्रम में उन्हें रखा जाएगा। इसके बाद अंतिम यात्रा प्रारंभ होगी।

# पीड़ितों ने दी अनिश्चितकालीन धरने की चेतावनी

एसडीएम ऐश्वर्य वर्मा को सौंपा ज्ञापन, जांच का मिला आश्वासन



**शहपुरा नवभारत 11 फरवरी।** शहपुरा नगर एवं आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों के पीड़ित आदिवासी और सामान्य नागरिकों ने पूर्व में की गई गंभीर शिकायतों पर अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं होने को लेकर प्रशासन के प्रति नाराजगी जताई है। पीड़ितों ने चेतावनी दी है कि यदि शीघ्र कार्रवाई नहीं की गई तो वे एसडीएम कार्यालय शहपुरा के समक्ष अनिश्चितकालीन, शांतिपूर्ण एवं अहिंसक धरना प्रदर्शन शुरू करेंगे।

पीड़ितों के अनुसार, उन्होंने 19 दिसंबर 2025 एवं 20 जनवरी 2026 को प्रशासन के समक्ष गंभीर प्रकृति की शिकायतें प्रस्तुत की थीं, जिन पर तत्काल कार्रवाई का आश्वासन भी दिया गया था। बावजूद इसके आज दिनांक तक किसी भी प्रकार की ठोस, प्रभावी अथवा वैधानिक कार्रवाई नहीं की गई, जिससे पीड़ितों में आक्रोश व्याप्त है। लगातार प्रशासनिक उदासीनता और टालमटोल से पीड़ितों को मानसिक, सामाजिक और आर्थिक परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

### एसडीएम ने पीड़ितों की सुनीं समस्याएं

उनका कहना है कि प्रशासन की उदासीनता से आम नागरिकों का प्रशासन एवं व्यवस्था पर विश्वास कमजोर होता जा रहा है। इसी क्रम में समस्त पीड़ितों द्वारा अनुविभागीय अधिकारी (एसडीएम) शहपुरा ऐश्वर्य वर्मा को ज्ञापन सौंपकर समस्याओं से अवगत कराया गया। इस दौरान एसडीएम ऐश्वर्य वर्मा ने पीड़ितों से चर्चा कर उनकी समस्याएं सुनीं तथा पूरे मामले की जांच कर उचित एवं नियमानुसार कार्रवाई का आश्वासन दिया।

### ये हैं पीड़ितों की प्रमुख मांगें

पीड़ितों ने ज्ञापन के माध्यम से प्रशासन के समक्ष स्पष्ट मांग रखी है कि समस्याओं को व्यक्तिगत रूप से सुनकर उनका तत्काल, समयबद्ध एवं न्यायोचित निराकरण किया जाए। प्रकरण में संलिप्त दोषी व्यक्तियों के विरुद्ध तत्काल प्रभाव से एफआईआर दर्ज करने के निर्देश संबंधित थाना को दिए जाएं। अवैध, संदिग्ध एवं छल-कपट से की गई सभी रजिस्ट्रियों की कानूनी जांच कर आवश्यक वैधानिक कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।

### बार-बार आश्वासन के बावजूद न्याय नहीं मिल रहा

पीड़ितों ने स्पष्ट किया है कि वे कानून का सम्मान करने वाले, शांतिप्रिय एवं लोकतांत्रिक मूल्यों में विश्वास रखने वाले नागरिक हैं और किसी भी प्रकार की अव्यवस्था उत्पन्न करना उनका उद्देश्य नहीं है, लेकिन बार-बार आश्वासन के बावजूद न्याय नहीं मिलने की स्थिति में लोकतांत्रिक तरीके से आंदोलन करना उनकी मजबूरी बन गया है। पीड़ितों ने यह भी चेतावनी दी है कि यदि उनकी मांगों पर शीघ्र एवं ठोस कार्रवाई नहीं की गई, तो वे अनिश्चितकालीन धरना-प्रदर्शन जारी रखने को बाध्य होंगे, जिसकी संपूर्ण जिम्मेदारी प्रशासन की होगी।



# युवा जागेगा तभी देश आगे बढ़ेगा : असलम

एकता युवा शक्ति संगठन का किया गया गठन

**नवभारत उमरिया 11 फरवरी।** मंगलवार को जिले में सामाजिक एवं युवा चेतना को नई दिशा देने वाले एकता युवा शक्ति संगठन का गठन किया गया। कार्यक्रम के दौरान संगठन के संस्थापक मो. असलम शेर के नेतृत्व में संगठन के चिन्ह एवं उद्देश्यों को हाथों में लेकर संगठन की औपचारिक शुरुआत की गई।

इस अवसर पर संगठन की रूपरेखा, विचारधारा एवं भावी कार्ययोजना को विस्तार से प्रस्तुत किया गया। संगठन का मुख्य उद्देश्य बेरोज़गार युवाओं एवं जनमानस को उनके हक़ और अधिकारों के प्रति जागरूक करना है। विशेष रूप से बढ़ती युवा बेरोज़गारी को केंद्र में रखते हुए संगठन शिक्षा, रोजगार, कौशल विकास और आत्मनिर्भरता के मुद्दों पर निर्णायक भूमिका निभाएगा। एकता युवा शक्ति संगठन युवाओं को एकजुट कर उन्हें सकारात्मक सोच, नेतृत्व क्षमता और सामाजिक सेवा के लिए प्रेरित करेगा।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए संगठन के संस्थापक मो. असलम शेर ने कहा आज देश और समाज की सबसे बड़ी समस्या बेरोज़गारी है। पढ़ा-लिखा युवा भटक रहा है, एकता युवा शक्ति संगठन उसी आवाज़ को ताक़त देने के लिए बना है। उन्होंने आगे कहा कृष्णा रेस्टोरेंट उमरिया से शुरू हुआ यह संगठन युवाओं के हक़, सम्मान और रोजगार की लड़ाई को नई दिशा देगा। हम धर्म, जाति और वर्ग से ऊपर उठकर केवल एकता और इंसानियत के आधार पर काम करेंगे।

# सूने घर पर चोरों का धावा, जेवरात व नकदी ले उड़े

परिवार एक वैवाहित कार्यक्रम में शामिल होने मानपुर गया था

**चिल्हारी नवभारत 11 फरवरी।** जिले के इंदवार थाना क्षेत्र अंतर्गत चोरी की एक बड़ी वारदात सामने आई है, जिसने पूरे इलाके में सनसनी फैला दी है। फरियादी बालमुकुन्द गुप्ता ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। फरियादी के अनुसार वे परिवार सहित एक वैवाहित कार्यक्रम में शामिल होने के लिए मानपुर गए हुए थे। इसी दौरान अज्ञात चोरों ने उनके घर को निशाना बनाया। चोरों ने सूने घर का फायदा उठाते हुए अलमारी और संदूक खंगाल दिए और बड़ी मात्रा में सोना, चांदी और नकदी लेकर फरार हो गए।

**कुल नुकसान करीब 3 लाख 15 हजार बताया गया**-चोरी गए सामान में डेढ़ तोला सोने का हार, एक सोने की अंगूठी, माथे की एक सोने की बिंदिया, एक जोड़ी सोने के झुमके, दो जोड़ी चांदी की पायल शामिल हैं। इन जेवरातों की कुल कीमत करीब 1 लाख 15 हजार रुपये आंकी गई है। इसके अलावा घर में रखी लगभग 1 लाख 50 हजार से 2 लाख रुपये तक की नकदी भी चोरी हो गई। इस तरह कुल नुकसान करीब 3 लाख 15 हजार रुपये बताया जा रहा है।

**पुलिस ने संदिग्धों की तलाश तेज की**-घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस चौकी अमरपुर प्रभारी अभिलाष सिंह परिहार दल वल सहित मौके पर पहुंचे और जांच शुरू की। आसपास के लोगों से पूछताछ की गई, साथ ही संदिग्धों की तलाश तेज कर दी गई है। पुलिस घर के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की भी जांच कर रही है, ताकि चोरों के सुराग मिल सकें। घटना के बाद इलाके के लोगों में दहशत का माहौल है।

# ग्राम पंचायत घेवरी के नवाचार से किसानों में खुशी



पंचायत की पहल से ग्रामीणों को मिलेगा लाभ

**अमरपुर नवभारत 11 फरवरी।** शासन एवं प्रशासन द्वारा सभी विभागों के साथ ग्राम पंचायतों में भी प्रत्येक मंगलवार को जनसुनवाई का आयोजन किया जा रहा हैं। जहां कुछ पंचायतें शासन के नियम निर्देशों का पालन करते हुए क्षेत्र के ग्रामीणों को सुविधाएं मुहैया करा रही हैं।

इस आयोजन का सफल क्रियान्वयन जनपद पंचायत अमरपुर के ग्राम पंचायत घेवरी के जागरूक युवा सरपंच राय सिंह मरकाम द्वारा विगत एक माह से अपनी ग्राम पंचायत में नई व्यवस्था देते हुए ग्राम पंचायत क्षेत्र के किसानों के जमीन संबंधी समस्याओं को क्षेत्रीय पटवारी जीत सिंह तेकाम के सहयोग से समस्या का निराकरण किया जा रहा हैं, जिससे क्षेत्रीय किसानों को अनावश्यक रूप से परेशान नहीं होना पड़ रहा हैं। ग्राम पंचायत सरपंच एवं क्षेत्रीय पटवारी की इस प्रकार की कार्य प्रणाली से क्षेत्रीय किसानों में खुशी देखी जा रही हैं।

### अन्य ग्राम पंचायतों में भी ऐसी पहल आवश्यक

जनपद पंचायत क्षेत्र के अन्य ग्राम पंचायतों में भी इस प्रकार की पहल किया जाना चाहिए। परन्तु अनेकों ग्राम पंचायतें तो ऐसी भी हैं। जोकि मंगलवार को खुलते ही नहीं हैं। जिस पर प्रशासन द्वारा किसी प्रकार के कार्यवाही नहीं करने से आमजनों की समस्या बरकरार बनी हुई हैं।

### सभी का मिल रहा सहयोग

ग्राम पंचायत घेवरी में इस प्रक्रिया से फौती काटना, नामांतरण, पट्टा वितरण एवं खसरा खतौनी की नकल आदि मिलने से क्षेत्रीय किसान आनंद सिंह, मदी सिंह, दशन बाई, कुलपत सिंह, शंकर सिंह सहित अन्य कृषकों द्वारा खुशी जाहिर की गई हैं। ग्राम पंचायत की इस कार्य में पेसा एक्ट अध्यक्ष भगवत सिंह, ग्राम रोजगार सहायक, ग्राम पंचायत सचिव, उपसरपंच एवं पंचों का भी सहयोग मिल रहा हैं।



# अवैध उत्खनन करते जेसीबी जब्त

खनिज विभाग की अवैध खनन पर बड़ी कार्रवाई

**डिंडोरी, नवभारत 11 फरवरी।** जिला कलेक्टर अंजू पवन भदौरिया के निर्देशन में जिले में खनिजों के अवैध उत्खनन एवं परिवहन पर रोक लगाने हेतु सतत अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में बुधवार के दिन मुखबिर की सूचना पर खनिज विभाग की टीम ने ग्राम मुड़िया खुर्द, तहसील डिंडोरी, थाना शाहपुर क्षेत्र में कार्रवाई की।

कार्रवाई के दौरान अवैध उत्खनन करते हुए एक बिना नंबर की जेसीबी मशीन को मौके से जब्त किया गया। मशीन का चालक मानसिंह परस्ते, निवासी मुड़िया खुर्द, तहसील डिंडोरी पाया गया, जबकि वाहन मालिक की जानकारी अभी अज्ञात है। जब्त मशीन को सुरक्षार्थ थाना शाहपुर में खड़ा कराया गया है। प्रकरण में खनिज नियमों के प्रावधानों के अनुसार आगामी वैधानिक कार्रवाई करते हुए मामला पंजीबद्ध कर न्यायालय कलेक्टर के समक्ष प्रस्तुत किया जाएगा।